वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 67 बुधवार 5 जुलाई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### मुख्य सचिव ने कहा...

## आपसी समन्वय के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें



**जयपुर. कासं।** मुख्य सचिव उषा शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 8 जुलाई को प्रस्तावित बीकानेर यात्रा के संबंध में तैयारियों की मंगलवार को शासन सचिवालय के समिति कक्ष में आयोजित बैठक में समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस संबंध में आपसी समन्वय के साथ आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। मुख्य सचिव ने बीकानेर संभागीय आयुक्त, महानिरीक्षक पुलिस, जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा, प्रमुख शासन सचिव, उर्जा भास्कर सावंत, प्रमुख शासन सचिव सानिवि वैभव गालरिया, शासन सचिव वित्त (व्यय) नरेश ठकराल, प्रबन्ध निदेशक, आरटीडीसी विजय पाल सिंह, निदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग पुरुषोत्तम शर्मा तथा अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# रीट मेंस की मार्कशीट जारी

### 17 जुलाई तक होगा लेवल-1 का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, सितंबर तक मिल सकती है पोस्टिंग

**जयपुर. कासं**

राजस्थान के 9 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया है। कर्मचारी चयन बोर्ड में शिक्षक भर्ती परीक्षा लेवल-1 और लेवल-2 के अभ्यर्थियों की मार्कशीट जारी कर दी है। ऐसे में ही भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी कर्मचारी चयन बोर्ड की ऑफिशल वेबसाइट पर जाकर अपनी मार्कशीट देख सकते हैं। इससे पहले बोर्ड द्वारा 48,000 पदों के लिए लगभग 2 गुना अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट कर दिया गया है। जिन्हें डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद पोस्टिंग दी जाएगी। इसके लिए लेवल-1 के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया 5 जुलाई से 17 जुलाई तक चलेगी। वहीं, इसके बाद लेवल-2 के डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रक्रिया शुरू होगी।

### 9 लाख अभ्यर्थी हुए थे शामिल

बोर्ड की ओर से 48 हजार पदों के लिए शिक्षक भर्ती परीक्षा 25 फरवरी से 1 मार्च तक कराई गई थी। 9.65 लाख में से 9.02 लाख अभ्यर्थी ही शामिल हुए थे। आंसर-की जारी होने के बाद अभ्यर्थियों से सवालों को लेकर आपत्तियां मांगी गई थीं। इनमें लेवल-1 और




लेवल-2 में कुल मिलाकर 77 हजार 939 आपत्तियां दर्ज की गई थीं। इसके बाद बोर्ड ने दोगुना अभ्यर्थियों को 48 हजार पदों के लिए शॉर्टलिस्ट कर दिया है। जिन्हें डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के बाद फाइनल पोस्टिंग दी जाएगी।

### जानिए- ग्रेड थर्ड शिक्षक भर्ती प्रक्रिया

48,000 पदों में लेवल-1 में 21,000 और लेवल-2 के 27,000 पद शामिल हैं। लेवल-1 और लेवल-2 के लिए दो चरण में भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। इसमें पहले चरण की परीक्षा सिर्फ पात्रता के लिए, जबकि दूसरे चरण की परीक्षा का आयोजन टीचर्स के सिलेक्शन के लिए आयोजित की गई थी। 23 और 24 जुलाई 2022 को आयोजित हुई पात्रता परीक्षा का रिजल्ट 29 सितंबर 2022 को जारी किया जा चुका है।

# प्रदेश के उद्योगों के उत्पादों को निर्यात के लिए वैश्विक मंच उपलब्ध कराना राज्य सरकार का लक्ष्य: चेयरमैन, आरईपीसी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राज्य के उद्योगों को निर्यात के लिए पूर्वी अफ्रीकी देशों में बाजार उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद एवं फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इण्डस्ट्री के द्वारा केन्या की राजधानी नैरोबी में आयोजित हो रहे इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो-2023 में शामिल होने के लिए प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। आरईपीसी चेयरमैन राजीव अरोड़ा ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा के अनुरूप प्रदेश के उद्योगों को निर्यात हेतु वैश्विक मंच उपलब्ध कराने हेतु राज्य निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नैरोबी में 5 जुलाई से 7 जुलाई तक आयोजित हो रहे इंडो ईस्ट अफ्रीका ट्रेड एक्सपो-2023 में शामिल होने के लिए प्रदेश के विभिन्न उद्योग श्रेणी के 175 उद्यमियों को शामिल होने का अवसर प्राप्त हो रहा है। राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों एवं प्रोत्साहन कार्यक्रमों के माध्यम से उद्योगों के उत्पादों के निर्यात में निरंतर वृद्धि हो रही है। उन्होंने बताया कि इस एक्सपो में शामिल होने से प्रदेश के उद्योगों को पूर्वी अफ्रीकी देशों में निर्यात करने के लिए नवीन अवसर प्राप्त होंगे साथ ही उत्पादों



की वैश्विक पहचान भी कायम होगी। तीन दिवसीय एक्सपो में पूर्वी अफ्रीकी देशों के क्रेताओं से व्यक्तिगत रूप से संवाद होगा। अरोड़ा ने कहा कि राज्य सरकार का प्रदेश के निर्यात में वृद्धि का लक्ष्य है, इसके लिए अंतरराष्ट्रीय संभावनाओं पर गंभीरता से कार्य किया जा रहा है तथा इसके सुखद परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस एक्सपो के माध्यम से प्रदेश के उद्योगों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त होगा। एक्सपो के लिए नैरोबी पहुंचे राजस्थान निर्यात संवर्धन परिषद के सीईओ पी.आर. शर्मा ने बताया कि इस एक्सपो के जरिए प्रदेश के उद्यमियों को पूर्वी अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार करने एवं निर्यात बढ़ाने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि एक्सपो की शुरूआत 5 जुलाई को प्रातः 10 बजे से केआईसीसी में होगी। उन्होंने बताया कि इस एक्सपो में प्रतिनिधिमंडल में विधायक रफीक खान, आरएसआईसी एमडी श्रीमती मनीषा अरोड़ा, राजस्थान फाउंडेशन आयुक्त धीरज श्रीवास्तव सहित विभिन्न उद्यमी शिरकत कर रहे हैं।

# विशेष मति माताजी के चातुर्मास के कलश की जनकपुरी में हुई विधि विधान से स्थापना

## बाहर से उमड़े भक्तों ने कार्यक्रम को बनाया "विशेष"

## भगवान महावीर के शासन काल का आज के दिन से हुआ था शुभारंभ : विशेष मति





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मन्दिर में वीर शासन जयंती के शुभ दिन मंगलवार दि 04 जुलाई को आर्यिका विशेष मति माताजी के पन्द्रहवें चातुर्मास का मंगल कलश स्थापना का कार्यक्रम भक्तों ने बड़े जोर शोर से मनाया। कार्यक्रम अभिषेक शांतिधारा तथा मूलनायक नेमिनाथ के श्रीफल भेंट करने के बाद देवेंद्र मीना कासलीवाल परिवार द्वारा झंडारोहण से शुरू हुआ । इसके बाद धर्म सभा में चित्र अनावरण अनिल अलका चाँदवाड द्वारा ,दीप प्रज्वलन इन्द्र कुमार स्नेहलता जैन परिवार द्वारा व बहुत ही सुंदर मंगलाचरण महिलाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया । आज वीर शासन जयंती पर भक्ति के साथ पूजन कर नाचते गाते पूर्व आचार्यों व आर्यिका विशुद्ध मति माताजी के अर्घ्य चढ़ाये गये । आर्यिका विशेष मति माताजी के पाद प्रक्षालन नरेंद्र जैन निखार वाले ,शास्त्र भेंट महिला मण्डल जनकपुरी तथा वस्त्र भेंट अजय जैन श्रीमाल परिवार द्वारा किया गया। चातुर्मास के मुख्य कलश का नरेंद्र जैन निखार वाले को तथा चार निर्मल कलश का विजय ठोलिया , सुभाष फि रोजपुर वाले , सोभाग बँथली वाले व पदम जैन बिलाला परिवार को सोभाग्य मिला । इसके साथ ही 31 विशुद्ध कलश भी स्थापित किए गए ।कार्यक्रम में जोबनेर मीठडी झिराना मोजमाबाद नैनवा समाज से पधारे भक्तों ने माताजी को शास्त्र भेंट कर पुण्यार्जन किया । सभा में तीर्थ क्षेत्र कमेटी के कार्याध्यक्ष धर्म चंद पहाड़िया, धर्म जागृति संस्थान के मंत्री सुनील पहाड़िया, कोषाध्यक्ष पंकज लुहाड़िया, सुरेंद्र काला, जैन बैंकर्स के जी एल जैन, संगिनी फोरम की सुनीता गंगवाल के अलावा श्याम नगर झोटवाड़ा मधुबन बरकतनगर दुगार्पूरा प्रतापनगर थडीमार्केट आदि स्थानों से आए भक्तों ने माताजी को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया । माताजी ने वीर शासन जयंती का महत्व बताते हुए कहा की आज के दिन से ही भगवान महावीर का शासन काल प्रारंभ हुआ था ।विधि विधान पूर्वक प. चीकू भैया ने चातुर्मास कलश की स्थापना आर्यिका माताजी के मार्गदर्शन में करायी ,जहाँ प्रकाश गंगवाल परिवार द्वारा चातुर्मास अवधि के लिए अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई ।प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने माताजी का संक्षिप्त परिचय देते हुए कहा की विशेष मति माताजी के चातुर्मास स्थापना कार्यक्रम को सभी पधारे भक्त जनों ने पधार कर वास्तव में बहुत ही विशेष बना दिया है ।





# आर्यिका संघ के पावन सानिध्य मनायी गयी वीर शासन जयंती



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे में श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आर्यिका श्रुतमति माताजी, आर्यिका सुबोध मति माताजी ससंघ के पावन सानिध्य में आज पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में श्री जी का अभिषेक शांतिधारा,अष्टद्रव्यों से पूजा हुई जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में आज वीर शासन जयंती के शुभ अवसर पर आर्यिका श्रुतमति माताजी ने श्रद्दालुओं को वीर शासन जयंती के बारे में जानकारी दी कि जैन धर्म धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर की आज ही के दिन श्रावण बुदी एकम को 66 दिनों के अंतराल के बाद विपुलाचल पर्वत पर समवशरण के मध्य दिव्य ध्वनि खिरी थी, तथा महावीर स्वामी ने दीक्षा लेने के बाद मोन व्रत अंगीकार किया और 12 वर्ष की तपस्या के बाद ऋजुकुला नदी के तट पर ध्यान पूर्वक केवल ज्ञान प्राप्त किया। आर्यिका श्री ने कहा कि वीरशासन जयंती के दिन ही भगवान महावीर का शासन काल प्रारंभ हुआ था। इस दिन को हम वीर शासन जयंती के रूप में मनाते है। गोधा ने अवगत कराया कि उक्त कार्यक्रम में समाज सेवी सोहनलाल झंडा,केलास कलवाडा, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा,फागी पंचायत समिति के पूर्व प्रधान सुकुमार झंडा, हरकचंद पीपलू, महेंद्र बावड़ी,पारस नला, चातुर्मास समिति के अध्यक्ष अनिल कठमाना , उपाध्यक्ष सुरेंद्र बावड़ी, मंत्री कमलेश चोधरी, कोषाध्यक्ष कमलेश मंडावरा,राकेश कठमाणा, विमल कलवाडा, मुकेश गिंदोडी,मितेश लदाना,पारस मोदी, बन्टी पहाड़िया चोरू,मनीष लदाना, विनोद मोदी, राजकुमार मांदी, त्रिलोक पीपलू तथा राजाबाबु गोधा सहित काफी श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे।

# राज्य सरकार नगरीय निकायों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध : स्वायत्त शासन मंत्री

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने कहा कि राज्य सरकार नगरीय निकायों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। धारीवाल मंगलवार को चूरू शहर की गंदे पानी की निकासी के समाधान के लिए अमृत 2.0 में स्वीकृत गाजसर तालाब सुदृढ़ीकरण एवं पंपिंग स्टेशन निर्माण कार्य का यहां से वर्चुअल शिलान्यास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10.96 करोड़ रुपए का कायादेश इस कार्य के लिए दिया गया है, कार्य पूर्ण होने पर गंदे पानी की समस्या से शहरवासियों को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि 20 मई 2024 तक पूर्ण होने वाले इस सुदृढ़ीकरण कार्य अंतर्गत पाल का निर्माण, मिट्टी का भराव तथा सीमेंट-कंकरीट व पत्थर की चिनाई सहित 3.7 किमी राइजिंग पाइप लाइन बिछाई जाएगी तथा पानी निकासी के लिए 16 एमएलडी पंपिंग स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। धारीवाल ने बताया कि शहर में एकत्रित होने वाले बरसाती पानी को पंपिंग द्वारा चिमराणा जोहड़ा में डाला जाएगा। हमारा प्रयास है कि अमृत 2.0 योजना में जितनी परियोजनाएं हमने शुरू की हैं, उनका नियत समय पर काम पूरा हो और लोगों को लाभ मिले। उन्होंने चूरू के विकास के लिए महिला आयोग अध्यक्ष श्रीमती रेहाना रियाज चिश्ती के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि तालाब सुदृढ़ीकरण के इस प्रोजेक्ट को स्वीकृत कराने में इनकी बहुत बड़ी भूमिका है।

# जैन मिलन ने गौ सेवा दल को सहयोग किया




**राघौगढ़. शाबाश इंडिया**

बरसात के मौसम में राष्ट्रीय राजमार्ग पर अनेक गायें दुर्घटना की शिकार होकर मर जाती हैं या गंभीर घायल हो जाती है। दुर्घटना में घायल हुई गायों का उपचार निस्वार्थ भाव से श्री हनुमत धाम गौ सेवा दल आवन द्वारा किया जाता है। गौ सेवा दल के लगभग सौ सदस्य दिन रात घायल गायों का उपचार करते हैं एवं उन्हे दयोदय गौ शाला आवन ले जाते है। निस्वार्थ गौ सेवा कार्य में आवन के समाज सेवी एवं गौ शाला अध्यक्ष डॉ. विमल जैन का मार्गदर्शन एवं सहयोग निरंतर रहता है। जैन मिलन राघौगढ़ द्वारा गौ सेवा दल के पारमार्थिक कार्य से प्रभावित होकर शाखा अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन के सहयोग एवं जैन मिलन के तत्वावधान में गौ सेवा हेतु सहयोग किया। इस अवसर पर भारतीय जैन मिलन के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजय कुमार जैन क्षेत्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जैन समाज राघौगढ़ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक भारिल्य,जैन मिलन के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार जैन,कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कुमार जैन,शाखा मंत्री विकास कुमार जैन, युवा जैन मिलन के अध्यक्ष आकाश जैन, शाखा मंत्री मनीष जैन आमल्या, गौ सेवा दल आवन के सदस्य मंगल सिंह लोधा, लक्ष्मण लोधा, पर्वत लोधा, राम निवास लोधा, विशाल लोधा, जय प्रकाश लोधा, लेखराज लोधा आदि उपस्थित थे।

# प्रथम पट्टाचार्य श्री वीरसागर जी महाराज का अवतरण दिवस अयोध्या में मनाया



**अयोध्या. शाबाश इंडिया।** चारित्र चक्रवर्ती प्रथमाचार्य श्री शान्तिसागर जी महाराज की परम्परा के प्रथम पट्टाचार्य श्री वीर सागर जी महाराज का 147 वॉं अवतरण दिवस आषाढ शुक्ला पूर्णिमा 3 जुलाई को विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमों के साथ अयोध्या में परम पूज्य आर्यिका शिरोमणी ,गणिनी प्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी ससंघ सान्निध्य में सम्पन्न हुआ। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया कि इस अवसर पर आचार्य श्री की प्रतिमा जी का अभिषेक किया,तत्पश्चात परमपूज्य प्रज्ञाश्रमणी आर्यिका श्री चन्दनामती माताजी ने आचार्य श्री की सामूहिक पूजा कराई, पूजा में युवा परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ जीवन प्रकाश जैन, राष्ट्रीय मुख्य संयोजक विजय कुमार जैन हस्तिनापुर,राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर,राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जैन जयपुर, भरत स्थली दिल्ली के कोषाध्यक्ष विनोद जैन दिल्ली, जैन पत्रकार महासंघ के संरक्षक सदस्य हसमुख गांधी इन्दौर, ऋषभांचल मांगीतुंगी के ट्रस्टी प्रमोद कासलीवाल महाराष्ट्र आदि विभिन्न प्रान्तों से उपस्थित श्रेष्ठी शामिल हुए। गौरतलब है कि आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज से सन् 1956 में माधोराजपुरा, ज़िला जयपुर राजस्थान में पूज्य गणिनी आर्यिका श्री ज्ञानमती माताजी ने आर्यिका दीक्षा प्राप्त करके ''ज्ञानमती माताजी'' नाम प्राप्त किया था। अतः पूज्य माता जी ने आचार्यश्री के जन्मदिवस पर गुरुपूर्णिमा मनाते हुए उनके व्यक्तित्व का गुणानुवाद किया। इस अवसर पर पूज्य पीठाधीश श्री रवीन्द्र कीर्ति स्वामी जी ने जैन संस्कृति से संबंधित अयोध्या में चल रहे विकास कार्यों के बारे में प्रकाश डाला। इस अवसर पर परम पूज्य गणिनी ज्ञानमती माताजी के पाद् प्रक्षालन अशोक चांदवाड जयपुर परिवार एवं जीतेन्द्र जैन खंडवा परिवार द्वारा किया गया तत्पश्चात उपस्थित श्रेष्ठियों ने पाद् प्रक्षालन किया।

## वेद ज्ञान

### समानता की भावना

जीवन में यदि कुछ पाना है, तो देने के लिए तैयार रहना होगा। संत कबीरदास ने कहा था कि हल्दी का रंग पीला है, चूने का रंग सफेद है। अगर दोनों को मिला दिया जाए, तो एक नया रंग लाल तैयार होता है। हल्दी को भी अपना रंग छोड़ना पड़ता है और चूने को भी। लाल रंग प्रेम का प्रतीक है जो सारे भावों में सर्वश्रेष्ठ है। इनके अंतर्निहित गुण बने रहते हैं। हल्दी तन की पीड़ा को दूर करती है और चूना तन पर कोई निशान नहीं रहने देता। पीला और सफेद रंग वर्ण, जाति और कुल के प्रतीक हैं। मात्र इनके अभिमान पर टिके रहने से हाथ कुछ नहीं लगता। हल्दी और चूने का रंग कोई भी हो उनका महत्व उनके गुणों से है। यदि वे गुणों के साथ अपने मौलिक रंग का मोह भी पाल लें तो उनके गुणों का सदुपयोग नहीं हो पाएगा। वे अनूठा लाल रंग प्राप्त करने से भी वंचित रहेंगे। मनुष्य का उत्थान जाति और वर्ण की भावना त्यागने में ही है। समाज में सम्मान सदा कर्मों और गुणों के आधार पर ही मिलता आया है। कर्मों से ही कबीर जी, रविदास जी जैसे कई महापुरुष संत कहलाए और आज भी पूज्यनीय हैं। धर्म, जाति और वर्ण मनुष्य की व्यवस्थाएं हैं। यदि यह मनुष्य के लिए इतनी ही आवश्यक होतीं तो परमात्मा ने इस बारे में निःसंदेह सोचा और कुछ किया होता। परमात्मा ने सभी मनुष्यों की शारीरिक संरचना और प्रजनन प्रक्रिया एक समान रखी है। यह मौलिक समानता ही समाज की समरसता और एकता को दृढ़ करने वाली है। यह समानता ईश्वर प्रदत्त है। इसलिए जब मनुष्य को वर्णों, जातियों और धर्मों में बांटा जाता है तो ईश्वर की व्यवस्था को भंग करने का अपराध किया जाता है। पूरे विश्व में आज अशांति, तनाव और विषमताएं इसी कारण हैं। अयोग्य की सत्ता अधिक दिनों तक नही चलती। उसका भांडा फूटता ही है और समाज उसे उसका वास्तविक स्थान दिखा देता है। अयोग्य सत्ता से असंतोष उपजता है। समाज टूटता है, इसकी आंच सभी के दामन को कम या अधिक जलाती है। संसार में चारों ओर ऐसी ही स्थितियां बनी हुई हैं। इसका एक ही उपाय है- समानता और एकत्व की भावना का प्रसार।

## संपादकीय

# भारतीय राजनीति में बढ़ रहा है दल-बदल का खेल

सुप्रिया सुले ने घटनाक्रम पर टिप्पणी करने के लिए अभी और इंतजार करने की बात कही और कहा कि अजित पवार के साथ गए विधायकों से वह संपर्क में हैं। सुप्रिया एनसीपी प्रमुख शरद पवार की बेटी और अजित पवार की चचेरी बहन हैं। उन्हें 10 जून को एनसीपी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। सुप्रिया सुले ने रविवार को मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस में अजित पवार के मुद्दे पर कहा, बच्चा अभी पैदा हुआ है, सांस लेने दीजिए, आगे देखिए, क्या होता है। एनसीपी नेता ने कहा, इस घटना को लेकर अब तक 24 घंटे भी नहीं हुए हैं। इसीलिए कुछ नहीं कह सकते हैं। समय बीतने दीजिए तब पता चलेगा कि क्या हुआ है। उन्होंने कहा, जो विधायक अजित पवार के साथ गए हैं, मैं उनसे अभी भी संपर्क में हूं। कल भी मेरी उनसे बात हुई और आगे भी उनसे बात करूंगी। क्या सुप्रिया सुले अजित पवार का समर्थन कर रही हैं? यह पूछे जाने पर एनसीपी नेता ने कहा, मैं ऐसा नहीं कर रही हूं। प्रेस कॉन्फ्रेंस



के दौरान उन्होंने कहा, मेरे ऊपर भी जिम्मेदारी आई है। उन्होंने कहा, जो कुछ भी हुआ वह दुखद है। शरद पवार ने सभी के साथ एक परिवार की तरह व्यवहार किया और वह हमारे वरिष्ठ नेता हैं। उनकी प्रतिक्रिया थी कि हम एक लोकतांत्रिक देश में रह रहे हैं, जहां हर किसी को अपनी बात कहने और अपनी बात रखने का अधिकार है। अजित पवार का यह कदम उनका अपना फैसला है। अजित पवार के साथ मेरा रिश्ता नहीं बदलेगा, वह हमेशा मेरे बड़े भाई रहेंगे। सुप्रिया सुले ने कहा, एनसीपी के अंदर कभी भी नफरत या कोई गलतफहमी नहीं थी। अजित पवार के विचार अलग थे और हमारे अलग हैं। हम अपने सभी विधायकों का सम्मान करते हैं। मैं हमेशा पार्टी कार्यकताओं और नेताओं से बात करती हूं। सुप्रिया सुले ने कहा, अजित हमेशा मेरे भाई रहेंगे। अजित के लिए मेरे मन में हमेशा प्रेम रहेगा। भावनात्मक रूप से भी हमारा एक कनेक्शन था। उनके और मेरे बीच जो बात हुई है वो सिर्फ मुझे और उन्हें पता है। उनके और मेरे बीच कभी भी पर्सनली कोई विवाद नहीं हो सकता है। आगे चलकर हम दोनों में कोई ऐसी बात नहीं होगी जिससे हमारे बीच बात बिगड़े। हम अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को अलग रखते हैं। उन्होंने कहा, इस घटना को केवल 12 घंटे हुए हैं, अब तक कोई समाधान बाहर नहीं आया है। पूरी कहानी बाहर नहीं आई है। जब तक पूरी कहानी बाहर नहीं आती, मैं कुछ नहीं कहना चाहती हूं। उन्होंने यह भी कहा कि अजित ने जो किया, उसकी उन्हें जानकारी नहीं थी। पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए उन्होंने कहा, एक चीज पवार साहब दो-तीन बार बोले कि हम इस सबमें नहीं फसेंगे, हम सीधे लोगों तक जाएंगे, लोगों से बात करेंगे। महाराष्ट्र और देश की जनता तय करेगी। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी ने यह कदम उठाया है। 2024 को लेकर बीजेपी में आत्मविश्वास की कमी है। उन्होंने कहा कि अगले दो-तीन दिनों में तस्वीर साफ हो जाएगी।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# अंदरूनी कलह

कांग्रेस को जब से मल्लिकार्जुन खड़गे के रूप में नया अध्यक्ष मिला है, देश की सबसे पुरानी पार्टी का मिजाज बदला-बदला सा है। जो पार्टी पहले अपने अंदरूनी कलहों को शांत करने में फेल मानी जा रही थी, खड़गे के अनुभव ने सबकुछ बदल दिया है। किसने सोचा था कर्नाटक में पहले सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार को साथ लाया जाएगा, फिर बाद में सीएम पद को लेकर भी समझौता सटीक साबित होगा। राजस्थान में जो सचिन पायलट अपनी पार्टी बनाने की सोच रहे थे, अचानक से शांत कैसे पड़ गए और अब छत्तीसगढ़ में टीएस सिंह देव को डिप्टी सीएम की लॉलीपॉप देना काफी कुछ बता रहा है। छत्तीसगढ़ में चुनाव कुछ महीने दूर है, मान सकते हैं कि इस साल नवंबर-दिसंबर में शंखनाद हो जाए। उस चुनाव में कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती सीएम भूपेश सिंह बघेल और टीएस सिंह देव को साथ रखना है। ये नहीं भूला जा सकता कि कुछ महीने पहले ही एक बयान में टीएस कह चुके थे कि वे जल्द अपना फैसला सुनाने वाले हैं। ये फैसला ''बगावती'' तेवर वाला था। ढाई साल बाद मुख्यमंत्री बनाने का जो वादा हुआ, वो सिर्फ कागज तक सीमित रह गया। इसके ऊपर छत्तीसगढ़ से अनबन की खबरों ने भी काफी कुछ बता दिया था। लेकिन मल्लिकार्जुन खड़गे और उनका अनुभव जानता है कि जब तक एकजुट होकर चुनावी मैदान में नहीं उतरा जाएगा, मजबूत से मजबूत राज्य में भी डगर मुश्किल साबित होगी। वैसे यही राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की कार्यशैली में एक बड़ा फर्क सामने आ रहा है। जब तक राहुल गांधी कांग्रेस के अध्यक्ष थे, ओल्ड बनाम यंग गार्ड की लड़ाई जगजाहिर थी, कह सकते हैं ये खाई काफी बढ़ भी गई थी। पंजाब समेत कई राज्यों में जब पार्टी की लगातार हार हो रही थी, एक चीज स्पष्ट थी, कांग्रेस अपनी अंदरूनी कलहों को समय रहते खत्म नहीं कर पा रही थी। इसका खामियाजा पंजाब में चुकाया गया, गुजरात में सूपड़ा साफ हुआ, उत्तराखंड में ट्रेड तोड़ते हुए बीजेपी ने सत्ता में वापसी की और गोवा में भी फिर सरकार बनाने में कामयाब रही लेकिन अब जब कमान मल्लिकार्जुन खड़गे के हाथ में आई है, उन्होंने एक सटीक तालमेल बैठाने का काम किया है। अभी उन्हें अध्यक्ष कुर्सी संभाले 250 से कुछ दिन ही ज्यादा हुए हैं, लेकिन उनकी एक रणनीति साफ दिख रही है। वे चुनावी जीत से पहले इस बात पर जोर दे रहे हैं कि पार्टी के अंदर जारी गुटबाजी को खत्म किया जाए। अगर खत्म ना भी किया जाए तो कम से कम चुनाव तक उसे कंट्रोल में रखा जाए। इसका सबसे बड़ा उदाहरण हाल ही में संपन्न हुए कर्नाटक चुनाव में देखने को मिल गया था। कर्नाटक में डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया की सियासी लड़ाई किसी से नहीं छिपी। दोनों सीएम बनने की महत्वाकांक्षा रखते थे, दोनों ने पार्टी के अंदर अपने गुट बना रखे थे, राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मनाने की कोशिश भी की, लेकिन रंग शायद खड़गे का अनुभव ही लाया। उनका संदेश साफ था मिल बैठकर विवाद सुलझाया जाए और जनता के सामने एकजुटता का ही संदेश जाए। इसी वजह से जो डीके और जो सिद्धारमैया एक दूसरे पर कटाक्षों की बौछार किया करते थे, चुनावी मौसम में ऐसे साथ आए कि विरोधियों को भी उस तल्खी का फायदा उठाने का कोई मौका नहीं मिला।




# उपाध्याय भगवंत 108 श्री ऊर्जयंत सागर जी मुनिराज के सानिध्य में हुआ गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आषाढ़ शुक्ला पूर्णिमा को सर्वत्र गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। गुरु की महत्वता को सभी धर्मों ने स्वीकार किया है। गुरु को सर्वोपरि माना गया है। कहा गया है कि ''गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाय, बलिहारी गुरुदेव की गोविंद दियो बताय'' भारत देश की परंपरा में भगवान से भी बढ़कर गुरु को सम्मान दिया गया है। वर्षा योग समिति के प्रचार संयोजक रमेश गंगवाल ने जानकारी देते हुए बताया आमेर नगर के संकट हरण पार्श्वनाथ जिनालय में वर्षा योग विराजमान पूज्य उपाध्याय श्री 108 उर्जयंत सागर जी मुनिराज की पावन निश्रा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। पूज्य पाद गुरुदेव ने गुरु की महत्वता को बताते हुए अपने उद्बोधन में कहा, वर्षा योग चतुर्मास की स्थापना कल ही की है वर्ष भर में तीन बार यह अवसर प्राप्त होता है जब प्रभु वर्धमान स्वामी को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई, माना तो यही जाता है कि जैसे ही तीर्थंकर देव को केवल ज्ञान की प्राप्ति होती है, उसी समय भगवान की दिव्य वाणी भव्य जीवो के लिए खिरती है। भगवान उपदिष्ट हो जाते हैं परंतु 66 दिन व्यतीत हो जाने पर भी भगवान की वाणी नहीं उद् घाटित नहीं हुई, तब इंद्रदेव उस समय के प्रकांड विद्वान विप्र वर इंद्र भूति गौतम के पास पहुंचे ,उन्हें अपने संवाद और प्रश्नों के द्वारा इस बात के लिए अग्रसारित कर दिया, कि वे भगवान के समवशरण में आयें। तब इंद्र भूति गौतम अग्नि भूति गौतम वायु भूति आदि बन्धु अपने पांच -पांच सौ शिष्यों के साथ भगवान के समवशरण में पहुंचे, वहां पर स्थित मान स्तंभ को देखते ही उन्हें अपने सभी प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हो गए। उनका मान गल गया। और उसी समय अपने बंधुओं के साथ इंद्र भूति गौतम ने प्रभु वर्धमान स्वामी से शिष्यत्व ग्रहण किया उनके संयम व शिष्यत्व ग्रहण करने के इस दिवस को गुरु पूर्णिमा के रूप में हम सभी लोग उत्साह के साथ मनाते हैं। वर्षा योग समिति के मुख्य संयोजक रुपेन्द्र छाबड़ा ने बताया दिनांक 4 जुलाई 2023 मंगलवार को वीर शासन जयंती दिवस राजस्थान जैन सभा एवं उपाध्याय उर्जयंत सागर वर्षा योग समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रातः 9 बजे से कार्यक्रम आयोजित होगा।

**-रमेश गंगवाल**







# दिगंबर जैन सोशल ग्रुप डायमंड का गेट टू गेदर संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप डायमंड ने द साउथ वाटरपार्क में पूल पार्टी एंजॉय की। रविवार को द साउथ वाटर पार्क प्रतापनगर में ड़ायमन्ड ने पूल पार्टी के प्रोग्राम का आयोजन किया। प्रोग्राम रजिस्ट्रेशन के तत्पश्चात अल्पाहार लेकर बच्चे व बड़ो ने सभी ने पूल मे मस्ती की तथा स्लाइड का मजा लिया। संस्थापक अध्यक्ष यश कमल अजमेरा ने नेपाल काठमांडु, पोखरा यात्रा के बारे में अवगत कराया व सदस्यो ने यात्रा के सस्मरण सुनाए। अध्यक्ष प्रमोद जैन व सचिव रमेश चंद छाबड़ा ने बताया की मानसून आधारित हाऊजी सोनल जैन ने खिलाई उपस्थित सभी सदस्यों ने आनन्द लिया। ग्रूप के आगामी प्रोग्राम व धार्मिक यात्रा के बारे में चर्चा की। कोषाध्यक्ष एसके गंगवाल ने सभी का धन्यवाद आभार प्रकट किया।



# चातुर्मास स्थापना का मुख्य उद्देश्य अहिंसा व्रत का पालन करना है: आचार्य ज्ञेयसागर

## ज्ञानतीर्थ पर हुआ कलश स्थापना समारोह

**मनोज नायक. शाबाश इंडिया**

**मुरैना।** अहिंसा महाव्रत का पालन, धर्म प्रभावना, भक्ति, ज्ञान एवम ध्यान के लिए चातुर्मास की स्थापना की जाती है ।दिगम्बर जैन संत निरंतर पद विहार करते हैं लेकिन वषार्काल में एक ही स्थान पर रुककर साधना करते हैं। वर्षाकाल में एक ही स्थान पर संकल्प के साथ रुकने का समय चार माह होता है, इसीलिए इसे चातुर्मास कहते हैं। चातुर्मास स्थापना का मुख्य उद्देश्य अहिंसा व्रत का पालन करना है।वारिस के मौसम में असंख्यात जीवों की उत्पति हो जाती हैं।पद विहार के दौरान जीव हिंसा न हो, इसी लिए चातुर्मास की स्थापना की जाती है ।उक्त विचार




छाणी परंपरा के सप्तम पट्टाचार्य श्री ज्ञेयसागर महाराज ने ज्ञानतीर्थ मुरैना की पावन धरा पर वर्षायोग कलश स्थापना समारोह में धर्म सभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। पूज्य आचार्य श्री ने उपस्थिति भक्तों को संबोधित करते हुए कहाकि चातुर्मास के दौरान साधु संतों के मुख से वाणी खिरती है और आसमान से जल की बरसात होती है ।इस समय सांसारिक प्राणी को भी संयम व नियम पूर्वक रहकर आत्मकल्याण हेतु प्रयास करना चाहिए। ज्ञानज्ञेय वर्षायोग समिति के अध्यक्ष योगेश जैन खतौली एवम मुख्य संयोजक रूपेश जैन आगरा द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार एबी रोड हाइवे पर स्थित ज्ञानतीर्थ जैन मंदिर में आचार्य श्री ज्ञेयसागर महाराज, संघस्थ मुनिश्री ज्ञातसागर महाराज, मुनिश्री नियोगसागर महाराज, क्षुल्लक सहजसागर महाराज के चातुर्मास कलश स्थापना समारोह का शुभारंभ मुकेश जैन विटुमेन आगरा के द्वारा किए गए ध्वजारोहण से हुआ। पूज्य गुरुदेव का पाद प्रक्षालन निर्मल जैन वैट्री बाले आगरा ने किया। चातुर्मास का प्रथम कलश के.के. जैन चांदी वाले आगरा एवम द्वितीय कलश रूपेश जैन चांदी वाले आगरा, तृतीय कलश राजीव जैन बलवीर नगर, चतुर्थ कलश संजय जैन बुढ़ाना, पंचम कलश दीपचंद अजीत जैन आगरा को स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।


# विद्या सागर तपोस्थली में अष्ट द्रव्य प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** तपोवन विद्या स्थली में सद्भाव सागर जी और संकल्प सागर जी महाराज के चतुर्मास की स्थापना हुई। यहाँ मंगल कलश स्थापना का कार्यक्रम अत्यन्त आनंददायक था, जिसमें अष्ट द्रव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अनुभा जैन सखी ग्रुप प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरे स्थान पर तपोवन महिला मंडल और पंचशील मण्डल रहे व तृतीय स्थान पर सोनी नगर महिला मंडल और आदिनाथ महिला मण्डल रहे। कार्यक्रम बहुत ही अद्भुत था सभी लोगों ने इस में बढ़ चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम का नेतृत्व जागृति मंच के संदीप वोहरा ने किया। कार्यक्रम में गुजराती, राजस्थानी, मराठी, बिहारी आदि वेशभूषा में पारंपरिक नृत्य की सुंदर प्रस्तुतिया दी गयी, जिसमे अनुभा-संजय नसीराबाद का गुजराती वेश भूषा में नृत्य विशेष रहा। सखी ग्रुप पार्श्वनाथ महिला मंडल में अनुभा जैन, रजनी जैन, अनु जैन, सोनिया जैन, सुनीता जैन, प्रियाशी जैन, अर्चना जैन, प्रिया पाटनी, प्रिया पटोदी, वैशाली जैन, सुरभि जैन, नीलम जैन, अंशु जैन, ऋतु जैन व भावना जैन की मुख्य भूमिका रही।



# गूंजे " वीर शासन जयंती " के जयकारे...

## जो मनुष्यता से पार हो जाते है वह भगवान कहलाते है : आचार्य सौरभ सागर जी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मंगलवार को जैन मंदिरों में वीर शासन जयंती पर्व पर जयकारों की गूंज सुनाई दी, श्रद्धालुओं ने हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया, इस शुभावासर पर प्रताप नगर के शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सेक्टर 8 में विराजमान आचार्य सौरभ सागर महाराज ने कहा की ''कलश स्थापना के माध्यम से संत श्रावकों से बंध जाते है, गुरुपूर्णिमा पर श्रावक संत से बंध जाते है, आज वह दिन है जिसे वीर शासन दिवस कहते है इसमें संत और श्रावक दोनों भगवान से बंधकर उनकी आराधना करते है। वीर शासन जयंती उनकी मनाई जाती है जिन्होंने अपनी वीरता का परिचय अहिंसा के माध्यम देकर अपने शासन को अहिंसात्मक स्थापित किया और श्रावकों को जियो और जीने दो के मार्ग का महत्त्व बताया।'' श्रवण कृष्णा एकम के दिन ही भगवान महावीर स्वामी की प्रथम दिव्यध्वनि विपुलाचल पर्वत पर खीरी थी तथा भव्य जीवों ने दिव्यध्वनी में बताएं गए तत्वज्ञान का आश्रय लेकर आत्मकल्याण का मार्ग अपनाया था। इसी दिवस को वीर शासन जयंती कहा गया है। आचार्य श्री ने कहा की ''जो मनुष्यता से पार हो जाते है वही भगवान कहलाते है, भगवान का अर्थ है कि - मेरे अंदर से सभी प्रकार की वासना समाप्त हो गयी है, मुझे अब ''अस्त्र, शस्त्र और वस्त्र'' से कोई ताल्लुक नहीं है। मेरी आत्मा से निर्धूम दिव्य प्रकाश निकल रहा है। राग-द्वेष के कल्मष का धुंआ नही है। राग-द्वेष की कालिमा जिनकी ज्योति को धूमिल नही कर सकती, वही भगवान है। जो चार कर्मों से रहित है, वही अर्धनारीश्वर है, अरिहंत है।'' अध्यक्ष कमलेश जैन बावड़ी वालों ने बताया की मंगलवार को वीर शासन जयंती का आयोजन मुख्य पांडाल में संपन्न हुआ, जिसकी शुरूवात मंगलाचरण के साथ प्रारंभ हुई, इसके उपरांत भगवान शांतिनाथ स्वामी, भगवान पार्श्वनाथ स्वामी और गणचार्य पुष्पदंत सागर महाराज के चित्रों का अनावरण कर दीप प्रवज्जलन संपन्न हुआ। इसके पश्चात ₹ श्री मंशा पूर्ण महावीर विधान पूजन प्रारंभ हुआ जिसमें जयपुर के राजीव जैन गाजियाबाद वाले, गजेंद्र बड़जात्या, दुगार्लाल जैन, सुनील साखुनियां, नरेंद्र छाबड़ा, राजेंद्र सोगानी, मनोज जैन सहित देशभर से पधारे 300 से अधिक श्रद्धालुओं ने अष्ट द्रव्यों के साथ 'श्रीजी' की आराधना की और भावों के दिव्य महार्घ चढ़ा वीर शासन जयंती मनाई, विधान पूजन के दौरान ही आचार्य सौरभ सागर महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को ''वीर शासन जयंती'' के महत्व पर प्रकाश डाला और अपने प्रवचनों के माध्यम सभी को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया।

## पट्टाचार्य श्री वीर सागर जी महाराज का 147 वां अवतरण दिवस भक्ति भाव से मनाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद मानसरोवर संभाग द्वारा आयोजित चारित्र चक्रवती प्रथमाचार्य श्री शांति सागर जी महाराज की परम्परा के प्रथम पट्टाचार्य श्री वीर सागर जी महाराज का 147 वॉ अवतरण दिवस भक्ति भाव से मनाया गया। परिषद के अध्यक्ष अशोक बिंदायका व महामंत्री पारस जैन बोहरा ने बताया अवतरण दिवस श्री मुनीसुब्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर मांग्यावास मानसरोवर मे धूम धाम भक्ति भाव से मनाया गया। एक घंटे का णमोकार महामंत्र का पाठ किया गया बाद मे भक्ति संध्या का कार्यक्रम हुआ। आने वाले सभी सदस्य भक्ति भाव मे झूम उठे' कार्यक्रम मे परिषद के शिरोमणि सरक्षक राजीव जैन,सतीश कासलीवाल, परम सरक्षक जय प्रकाश जैन, स्वाति जैन, नरेंद्र जैन रवि जैन राहुल सोगानी लक्ष्मी जैन, सपना जैन, लक्ष्य जैन मिताली जैन,चेतन जैन मुकेश जैन नरेंद्र जैन आदि सदस्य कार्यक्रम मे उपस्थित थे। कार्यक्रम मे आने वाले सभी लोगों को अल्पाहार भी करवाया। अल्पाहार के पुण्यार्जक मनोज सीमा जैन थे। अंत मे पारस जैन बोहरा ने आने वाले सभी सदस्यों व गणमान्य लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# वीर शासन जयंती पर्व पर श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एस एफ एस में हर्षोल्लास से मनाई

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एसएफएस मानसरोवर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा मंदिर जी का 33 वां स्थापना दिवस गुरुवार दिनांक 6 जुलाई 2023 से 9 जुलाई 2023 तक चार दिवसीय वार्षिकोत्सव प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाना निश्चित है। वी शासन जयंती के पावन पर्व पर कार्यक्रम की पत्रिका आज बड़े उत्साह के साथ मंदिर जी कि दोनों वेदीयो पर आदिनाथ भगवान के समक्ष कार्यक्रम सुख शांति से संपन्न होने के लिए चढ़ाई गई। समिति अध्यक्ष डॉक्टर राजेश काला, महामंत्री सौभाग मल, मंत्री रवि बाकलीवाल, वीरेंद्र गदिया, मनोज लुहाडिया, रजनीकांत लुहाडिया, सुरेंद्र पाटनी९ लालचंद झंझरी, पंडित मिलापचंद, कैलाश चंद, कार्यक्रम संयोजक कमलेश चंद, वीरेंद्र गदिया, समाज श्रेष्ठि बाबूलाल पांड्या, ताराचंद नरेंद्र शाह, नरेंद्र छाबड़ा, अशोक कासलीवाल, नरेंद्र चांदवड, राजेंद्र एसडीसी, रोशन लाल गोधा, निर्मल काला, सुनील झंझरी, कमल टोंगिया, महिला मंडल अध्यक्ष उर्मिला पाटनी, युवा मंडल अध्यक्ष संदीप जैन, मंत्री जिनेंद्र जैन सभी लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु भगवान से प्रार्थना की एवं नवकार मंत्र का जाप किया। महामंत्री सौभाग मल जैन ने बताया कि मंदिर जी का 33 वा वार्षिक उत्सव आचार्य श्री विशद सागर जी महामुनि राज के परम आशीर्वाद से 6 जुलाई 2023 से रविवार 9 जुलाई 2023 तक धूमधाम से मनाया जाएगा।





# महावीर इंटरनेशनल का स्थापना दिवस, रॉयल ने किए सेवा कार्य

**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

**ब्यावर**। महावीर इंटरनेशनल की स्थापना को 48 वर्ष पूर्ण होकर 49 वे वर्ष में प्रवेश कर रहा हैं। स्थापना दिवस को शहर की प्रतिष्ठित समाज सेवी संस्था महावीर इंटनेशल रॉयल ब्यावर द्वारा बेबी किट वितरण,पौष्टिक आहार किट,रक्तदान आदि विभिन्न सेवा कार्य के माध्यम से मनाया गया। बेबी किट वितरण में अशोक पालडेचा, अभिषेक नाहटा, दिलीप दक, पुष्पेंद्र चौधरी, गौतम रांका, विनय डोसी, राजलक्ष्मी धारीवाल, जितेन्द्र धारीवाल, संयोजक मुकेश गांग, संदीप खींचा, श्रेणिक बिनायकिया आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम संयोजक हेमेंद्र छाजेड़ एवं मनोज रांका ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में रॉयल द्वारा राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में नए जन्मे बच्चों को 48 हाइजेनिक बेबी किट वितरित किए गए। साथ ही नवप्रसुताओं को 48 पोषक आहार का किट राजलक्ष्मी - जितेंद्र धारीवाल के सौजन्य से उपलब्ध करवाया गया। सचिव रुपेश कोठारी ने बताया कि किट वितरण से पूर्व संस्था अध्यक्ष अशोक पालडेचा, कोषाध्यक्ष अभिषेक नाहटा, अमित मेहता, मुकेश लोढ़ा, प्रदीप मकाना, गौतम रांका, मनोज रांका, दिलीप दक, पुष्पेन्द्र चौधरी, जितेन्द्र धारीवाल, हेमेंद्र छाजेड़ आदि सदस्यों द्वारा रक्तदान किया गया। संस्था रक्तदान की जनजागृति हेतु प्रयासरत रहती हैं। संस्था सदस्यों द्वारा किसी मरीज को रक्त की आवश्यकता होने पर उपलब्ध करवाया जाता हैं। संस्था द्वारा रक्तदान हेतू जनजागृति फैलाने हेतु भी प्रयास किये जाते रहे हैं। उपाध्यक्ष दिलीप बी भंडारी एवं पंकज सखलेचा ने बताया कि महावीर इन्टरनेशल एक गौरवशाली संगठन हैं जो सम्पूर्ण भारत में सेवा एवं समर्पण की अनूठी मिसाल बन कर उभरा हैं। संस्था द्वारा विभिन्न सेवा कार्य हाईजेनिक बेबी किट, पौधरोपण, सेनेटरी नेपकिन वितरण, नेत्र चिकित्सा, महिला सशक्तिकरण पर विशेष सेवा कार्य के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। योगेंद्र मेहता,मंजू बाफना,विनय डोसी, इति बिनायकिया,पूनम मकाना के अनुसार रॉयल ब्यावर द्वारा अपने गठन से तीन माह से भी कम समय में सेवा कार्यों से ब्यावर में एक विशिष्ठ पहचान बनाई है रॉयल द्वारा मेगा समर कैंप,मेहंदी प्रतियोगिता जैसे नए प्रोजेक्ट सफलता पूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। रॉयल ब्यावर निकट समय ने और नए प्रकल्पो से सेवा कार्यों को करने हेतु दृढ़ संकल्पित है।






# गुरु पूर्णिमा पर विद्यार्थियों ने प्रकट किया गुरु के प्रति सम्मान



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सोमवार को महावीर पब्लिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया। छात्रों ने गायन, कविता, दोहों,नृत्य आदि के माध्यम से गुरु के प्रति सम्मान व्यक्त किया। छात्रों ने अपने गुरु का तिलक लगाकर तथा उनको ब्रह्मा, विष्णु, महेश व परं ब्रह्म के समान स्थान देकर अपने गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती सीमा जैन ने छात्रों को धन्यवाद देते हुए कहा कि एक गुरु ही होता है जो अपने शिष्यों की बुराइयों को दूर करके उनमें संस्कारों का समावेश करता है और गुरु के उपदेशों का अनुसरण करता हुआ शिष्य अपने जीवन में सफलता प्राप्त करता है।

# नवजात को बेबी किट व स्वास्थ्य लाभ लेने वालों को फल वितरित




**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल संस्था के 49 वे स्थापना दिवस के सेवा सप्ताह के चतुर्थ दिवस आज राजकीय चिकित्सालय में नवजात शिशुओं को मेडिकेटेड हाईजेनिक 21 बेबी कीट बच्चों में संक्रमण से बचने व चिकित्साल्य स्वास्थ्य लाभ ले सभी 61 मरीजों को फल व बिसकुट वितरण करते चिकित्सक डाक्टर कल्पना गुप्ता नर्सेज एसोसिएशन के अध्यक्ष राधेश्याम कांसोटिया मेल नर्स जोली संस्था अध्यक्ष वीर रामावतार गोयल सचिव वीर वीर अजित पहाड़ियां कोषाध्यक्ष वीर सुरेशकुमार वीर नरेश झांझरी झांझरी वीर विजय अमित पहाड़ियां वीर तेजकुमार बड़जात्या वीर सम्पत बगड़िया वीर संदीप पाडया ने वितरण में सहयोग किया संस्था द्वारा चिकित्सा में समय-समय सेवाकार्यों पर डाक्टर्स ने साधुवाद किया वीर अजित पहाड़ियां ने सभी को सहयोगकर्ताओं को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।




वीर शासन जयंती पर मुनि शुद्ध सागर का देश के नाम संदेश

# मुनि शुद्ध सागर महाराज के सान्निध्य में विशेष प्रवचनमाला



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**

निवाई। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान बिचला मंदिर स्थित श्री शान्तिनाथ भवन में आयोजित चातुर्मास के दौरान मुनि शुद्ध सागर महाराज के ससंघ सान्निध्य में वीर शासन जयन्ती के सुअवसर पर श्री जी के अभिषेक शांतिधारा एवं विश्वशांति महायज्ञ सहित दीप, धूप, फल के साथ मनोभावों के साथ भक्ति करके पूजा अर्चना की। इस अवसर पर वीर शासन जयन्ती के बारे में सम्बोधित करते हुए जैन मुनि शुद्ध सागर महाराज ने कहा कि आज के दिन जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की प्रथम दिव्य देशना खिरी थी । अर्थात समवशरण में विराजित महावीर भगवान स्वामी उत्तम पात्र के अभाव में 65 दिन तक मौन रहे थे गुरु पूर्णिमा के दिन गौतम गणधर जैसा दिव्य ध्वनि को झेलने वाला उत्तम पात्र मिलते ही दिव्य देशना खिर गयी और उनकी वाणी को गौतम गणधर ने बीज बुद्धि के माध्यम से मात्र 48 मिनट में सर्वत्र प्रचार कर दिया था तब से यह दिन वीरशासन जयन्ती पर्व के रूप में मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि जब तीर्थंकर बालक का जन्म होता है उस समय सुमेरु पर्वत पर जन्माभिषेक करते समय सौधर्म इन्द्र आदि एवं बृहस्पति अपने मुख से एक हजार आठ नाम पूर्वक प्रभु का गुणगान करता है। भगवान के 1008 नाम की यह सहस्त्रनाम मंत्रावली जो भी श्रद्धा पूर्वक पढ़ता है या जाप करता है उसके समस्त रोग, विघ्न बाधायें, गृह क्लेश कालसर्पयोग आदि कष्ट क्षण भर में दूर हो जाते हैं सहस्त्रनाम की महिमा अद्भुत इस भक्ति को दीप, धूप फल के साथ, आहुति घी की आहुति एवं पुष्पों से जाप पूर्वक करने से इसका फल तीन गुना अधिक हो जाता है तथा गुरु सान्निध्य में और विशेष पर्वों में करने से इसका फल करोड़ गुना हो जाता है। जौंला ने बताया कि सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान महावीर स्वामी एवं गोतम गणधर की विशेष पूजा अर्चना की गई। जौंला ने बताया कि 9 जूलाई को मंगल कलश स्थापना की जाएंगी।

## साध्वी प्रितीसुधा के सानिध्य मे गुणगान से किया गया तपस्वियों का अभिनन्दन शास्त्री नगर में



सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया।

शास्त्री नगर, भीलवाड़ा। तपस्या जीवन का श्रंगार है । मंगलवार को अहिंसा भवन मे साध्वी प्रितीसुधा ने तपस्वियों के तप की अनुमोदना करते हुये धर्मसभा में कहा कि तपस्या केवल भूखे रहने का सिद्धांत ही नहीं है अपितु संस्कार विशुद्धि की अद्भुत कार्यशाला है। तप का वास्तविक अर्थ आत्मा विजातीय तत्वों को दूर करना और मानव इंद्रियों को वश में करना हैं ।तथा तप से शरीर में लाल कणों की वृद्धि होती हैं और व्यक्ति के जीवन मे रासायनिक परिवर्तन के साथ शरीर कुंदन बनता है। तप वो साधना है जिसे करने वाला मनुष्य परम-सिध्द प्राप्त कर सकता है वह तभी संभव हो सकता जब अपने मन पर अंकुश रखकर तप करें। इस दौरान महासती उमराव कंवर,साध्वी मधुसुधा नवदिक्षीत साध्वी संयम सुधा, आदि सभी ने तप का महत्व बताया। अहिंसा भवन शास्त्री नगर के अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह बाबेल व अशोक पोखरना ने जानकारी देते हुये बताया दोपहिया अहिंसा भवन मे चंदनबाला महिला मंडल की अध्यक्षा नीता बाबेल, मंत्री रजनी सिंघवी एवं चंदनबाला महिला मण्डल ने तप की अनुमदना करते हुए वेरागन दिव्या बहन को चंदन, कुमकुम का तिलक लगाया , माला व शाल पहनाकर खोल भरी। चौबीसी में श्रविकाओ ने बहुत गीतों से अनुमोदना की जैसे शासन रे स्थानक झूला डाल्या हे रिमझिम करता है जो मरा ज्ञान गुण सा, तपस्वी तेरी साता पूछूं मैं हर पल तेरे साथ रहूं मैं आदि गीतो के माध्यम से तप की अनुमोदना की इस अवसर पर अध्यक्ष नीता बाबेल, मंत्री रजनी सिंघवी, कोषाध्यक्ष सुनीता झामड़, संरक्षिका मंजु पोखरना, मंजु बाफना, सलाहकार उमा आँचलिया, सह मंत्री वंदना लोढ़ा , उपाध्यक्ष अंजना सिसोदिया , शिक्षा मंत्री सरोज मेहता, रश्मि लोढ़ा, स्नेहलता बोहरा, अन्नू बाफना,आशा रांका, प्रीति पोखरना, कविता नाहर, मीना कोठारी, प्रीति चोर्डिया, नीलू खटोड़, आदि सभी ने सामूहिक रूप से तपस्वियों का बहुमान करते हुये अभिनन्दन किया।

# गुरु पूर्णिमा यानि कि गुरु ही पूरी मां हैं : आचार्य विनिश्चय सागर



### 9 जुलाई को होगा मंगल कलश स्थापना समारोह

मनोज नायक. शाबाश इंडिया

**भिण्ड**। गुरु पूर्णिमा के दिन अपने गुरु की भक्ति की जाती है और उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। वेद शास्त्रों में भी यही बताया गया है लेकिन यदि गुरु पूर्णिमा को शब्द रूप में देखें तो बहुत ही गहरा अर्थ प्राप्त होता है । गुरु पूर्णिमा यानि कि गुरु ही पूरी मां हैं क्योंकि जो संसारी मां होती है वह अपने बच्चों का केवल शरीर का पालन पोषण करती है, पर गुरु अपने शिष्यों के शरीर और आत्मा दोनों का ही पालन पोषण करते हैं। इसीलिए गुरु ही पूरी मां हैं, बांकी संसारी महिलाएं अधूरी मां हैं।

अगर संसारी माताएं भी पूरी मां बनना चाहती हैं तो वह अपने बच्चों के केवल शरीर का ही पालन पोषण न करें बल्कि उनकी आत्मा को भी संस्कार प्रदान करें, अपने बच्चों को प्रभु और गुरुओं से जोड़ने में सेतू बने जिससे मां और बच्चे सभी का कल्याण संभव हो सके। उक्त विचार गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन पर्व पर बाक्केशरी आचार्य श्री विनिश्चय सागर जी महाराज ऋषभ सत्संग भवन चैत्यालय मंदिर में धर्म सभा को संबोधित करते हुये व्यक्त किए। गुरुदेव आचार्य श्री विनिश्चयसागर महाराज के परम भक्त मुरैना निवासी ब्रजेश जैन दादा द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार परम पूज्य गणाचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य बाक्केशरी आचार्य श्री विनिश्चयसागर महाराज ससंघ का पावन वर्षायोग 2023 श्री दिगम्बर जैन मंदिर बताशा बाजार भिण्ड में होने जा रहा है। पूज्य गुरुदेव का वर्षायोग हेतु भव्य मंगल आगमन 23 जून को भिण्ड नगर में हो चुका है। 2023 के पावन वर्षायोगहेतु मंगल कलश स्थापना समारोह रविवार 9 जुलाई को भव्यता पूर्वक स्थापित किया जाएगा। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुदेव विनिश्चयसागर के भक्तों ने पूज्य गुरुदेव का पाद प्रक्षालन कर शुभाशीष ग्रहण किया । ज्ञान दान के रूप में गुरु विवेककुमार मनोजकुमार जैन (चैटा वाले) मुरैना ने पूज्यश्री के कर में जिनवाणी भेंट कर, चरण बंदना करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया ।इस पुनीत अवसर पर सम्पूर्ण भारतवर्ष से हजारों की संख्या में गुरुभक्त साधर्मी बंधु उपस्थित थे ।

## मनुष्य के जीवन मे त्याग और नियम होंगे तभी आत्मा को मोक्ष मिल पाएगा: साध्वी धर्मप्रभा

सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया

**चैन्नई**। जीवन में त्याग और नियम होगें तभी आत्मा उच्च गति को प्राप्त कर सकती है। मंगलवार को एस.एस.जैन भवन साहूकार पेठ में महासती धर्मभा ने सभी श्रध्दालुओं को धर्मसंदेश प्रदान करते हुए कहा कि आत्मा के उत्थान और जीवन लिए संसार में धर्म के अनेकों मार्ग बताये गयें है ।मनुष्य अगर मर्यादा और नियम का पालन करने लग जाये तो इस आत्मा को तिरने में ज्यादा समय नहीं लगने वाला। त्याग जीवन का आवश्यक धर्म है ।जीवन की पगडण्डी बड़ी लम्बी है।संसार का क्षेत्र बड़ा विस्तृत है। आगे बढ़ने के लिए एवं कुछ प्राप्त करने के लिए मनुष्य को नियम और मर्यादा में रहना पड़ेगा, संसार त्याग धर्म पर ही ठीका हुआ है ।वस्तु संग्रह करने की वृत्ति हमारे जीवन



में बाधा और अवरोध डालती हैं ।अपनी कामनाओं,इच्छाओं, वासनाओं तथा दूषित मनोभावों का त्याग ही जीवन का सर्वोपरि त्याग है।इसदौरान साध्वी स्नेहप्रभा ने कहा कि जीवन मे नियम सुरक्षा कवच कि तरह हैं ।इंसान मर्यादा में रहकर जीवन व्यतीत करेगा तो अपनी यह यात्रा सुगम औंर सहज बनाकर परम-लक्ष्य को प्राप्त कर सकता हैं। त्याग औंर वैराग्य से आत्मा में जागरूकता और सजगता बनी रहती है, साथ ही साथ वितराग भावों का व्यक्ति मे विकास होता है। संघ महामंत्री सज्जनराज सुराणा ने बताया कि तपस्या के इस क्रम से नवरतनमल मूथा ने नो उपवास एवं भरत नाहर , दिलीप गादिया,यश सुराणा दिप्ती सेठिया,रेखा कोठारी आदि अनेकों भाई बहनो ने तेले की तपस्या की जिनका साहूकार पेठ एस.एस. जैन भवन के अध्यक्ष एम. अतितराज कोठारी, एन.राकेश कोठारी,पदमचन्द ललवानी, शांति दरड़ा, अशोक कांकरिया, सुरेश डूगरवाल,हस्तीमल खटोड़ आदि पदाधिकारियें के साथ बादलचंद कोठारी व मोतीलाल ओस्तवाल ने संघ के साथ तपस्वियो का साध्वी मंडल के सानिध्य मे सामूहिक अभिनन्दन करते बहूमान किया।




# उपाध्याय भगवंत 108 श्री उर्जयंत सागर गुरुदेव के सानिध्य में वीर शासन जयंती समारोह संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजवंश की राजधानी रही आमेर नगरी में उपाध्याय भगवंत का चातुर्मास गतिमान है। आमेर नगर के सुरम्य वातावरण में पूज्य उपाध्याय भगवंत की पावन निश्रा में फागीवाला पार्श्वनाथ जिनालय में, राजस्थान जैन सभा एवं उपाध्याय उर्जयंत सागर चतुर्मास समिति के संयुक्त तत्वावधान में वीर शासन जयंती का कार्यक्रम आयोजित हुआ। तीर्थंकर देव का वंदन कर, प्रचार संयोजक रमेश गंगवाल ने जानकारी देते हुए बताया, समारोह के मुख्य अतिथि नरेश कुमार सेठी ने अपने उद्बोधन में पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा जयपुर में इन दिनों लगातार जिनालयों में चोरी हो रही है और हम लोग उसकी पूर्ण व्यवस्था सुरक्षा के दृष्टिकोण से नहीं कर पा रहे हैं। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे डॉक्टर विमल कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में कहा की समस्त फागीवाला वाला परिवार साधुवाद का पात्र है जिन्होंने आमेर की पहाड़ियों के मध्य पार्श्वनाथ प्रभु के जिनालय में उपाध्याय भगवंत का चातुर्मास संपन्न कराने का मन से निश्चय किया है। यह आमेर नगर में होने वाला प्रथम चातुर्मास है। तथा उन्होंने वीर शासन जयंती के महत्व को समझाया। चातुर्मास समिति के मुख्य सूत्रधार दौलत फागी वाला तथा समस्त फागीवाला परिवार ने राजस्थान जैन सभा के सभी पदाधिकारियों का तिलक माल्यार्पण कर सम्मान किया। चातुर्मास व्यवस्था समिति के मुख्य महावीर फागी वाला ने बताया धर्म सभा का संचालन मनीष वेद ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ताराचंद जैन, स्वीट कैटरर्स थे। विशिष्ट अतिथि रुपेन्द्र छाबड़ा थे। धर्म सभा में







चित्र अनावरण नरेश कुमार सेठी, महेश काला राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने दीप प्रज्वलन कर किया। चातुर्मास व्यवस्था समिति के मुख्य संयोजक रुपेन्द्र छाबड़ा ने जानकारी देते हुए बताया उपाध्याय भगवंत ने वीर शासन जयंती के संदर्भित विषय में अपने मंगल प्रवचन में कहा भगवान की 12 सभाओं में संसार के प्राणी विराजमान थे। परंतु केवल ज्ञान होने के 66 दिन बीत जाने के पश्चात भी भगवान की वाणी नहीं खिरी। अन्य सभी तीर्थंकरों को केवल ज्ञान प्राप्त होते ही उनकी दिव्य ध्वनि खिर जाती थी ,परंतु महावीर स्वामी की दिव्य ध्वनि योग्य श्रोता न होने के कारण उपदेशित नहीं हुई। श्रावण कृष्णा प्रतिपदा को जब उनका विरोध करने वाले व्यक्ति ही उनकी धर्म सभा में आए और आते ही उन्होंने भगवान का शिष्यत्व ग्रहण किया, और प्रमुख श्रोता के रूप में विराजमान हुए। और तभी भगवान उपदिष्ट हो गए, और भगवान की दिव्य देशना हुई । यह देशना राजगृह नगर के विपुला चल पर्वत पर हुई सभी को भगवान की वाणी सुनने को मिली थी भगवान की वाणी को सुनना और उसे अपने जीवन में उतारना यह जीवन का ध्येय होना चाहिए ।शासन शब्द का अर्थ व्यक्त करते हुए गुरुदेव ने कहा कि शासन प्रशासनिक व संविधान के रूपों में होता है शासना के द्वारा बनाई गई एक व्यवस्था है। गुरुदेव उपदिष्ट रहे ,उन्होंने कहा केवल ज्ञान वह होता है जहां तीनों काल, लोक चरा चर दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा महावीर जयंती को, जयंती नहीं ,महावीर प्रभु का जन्म कल्याण के रूप में मनाना चाहिए । और वीर शासन जयंती को जयंती के रूप में मनाया जाना चाहिए। 18500 वर्ष तक भगवान महावीर का शासन काल विद्यमान रहेगा। भगवान की वाणी अठ्ठारह महा भाषा एवं 700 लघु भाषाओं में खिरती है। इसी दिवस को वीर शासन जयंती कहा गया है। इस अवसर पर राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष पांड्या, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा, महामंत्री मनीष वेद, विनोद कोटखावदा आदि महानुभाव उपस्थित थे।

# एक सौ आठ कुंडिये महायज्ञ में सवा करोड़ मंत्रों की आहूति दी

## सिद्धचक्र महा मंडल विधान के समापन पर निकली विशाल शोभायात्रा

## आचार्य श्री ससंघ का पांच जूलाई को होगा भव्य प्रवेश : विजय धुर्रा







**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

पिछले आठ दिनों से गांव मन्दिर में चल रहे आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज, मुनि पुगंव श्री सुधासागरजी महाराज एवं आचार्य श्री आर्जवसागरजी महाराज ससंघ के आशीर्वाद से चल रहे श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में 108 कुडीये महायज्ञ में सवा करोड़ मंत्रों की आहूति प्रतिष्ठा चार्य नमन भइया के वीच किया गया। इसके बाद भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य शोभायात्रा निकाली गई ।

### नगर के मुख्य मार्गों से निकली विशाल शोभायात्रा

शोभायात्रा में आगे आगे वैन्ड बाजो उनके पीछे विशेष इन्द्र इदाणी उनके पीछे बघियो में बैठे मुख्य पात्र चल रहे थे इसके बाद भगवान की जय जयकार करते हुए इन्द्र इंद्राणी उनके पीछे भगवान श्री जिनेन्द्र देव रजत पालकी चल रहे थे । जहां भक्त भगवान की आरती उतार कर श्री फल भेंट कर रहे थे ।इस दौरान श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के अध्यक्ष राकेश कासंल, महामंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाई, थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल, महामंत्री विपिन सिंघाई, मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा, मन्दिर संयोजक मनीष सिघई, कमेटी के प्रमोद मंगलदीप, अरविंद जैन कचंनार, नरेश एडवोकेट, टिकंल जैन, संजय केटी, प्रदीप तारइ,मनोज भैसरवास, संजय मुडरा, भइया विमल जैन नीलू मामा सहित अन्य भक्तों विशेष रूप से उपस्थित थे ।यह शोभायात्रा गांव मन्दिर से गांधी पार्क भगवान महावीर मार्ग आचार्य श्री विद्यासागर जी द्वार, सुभाष गंज जैन मन्दिर, इन्द्र पार्क सुराना पार्क, प्रोशेसन रोड़ होते हुए आदि नाथ गांव मन्दिर पहुंच कर धर्म सभा में बदल गई ।

### ये अष्टानिका पर्व हम सब के लिए बहुत विशेष रहा

जहां मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि इस नगर के लिए इस वर्ष की अष्टमी महा पर्व हम सब के लिए बहुत विशेष हो गया सभी ने बहुत लाभ लिया कल का दिन और भी विशेष होने जा रहा है जब आचार्य श्री आर्जवसागरजी महाराज ससंघ का नगर में चातुर्मास के लिए भव्य मंगल प्रवेश होगा इस दौरान नमन भइया ने कहा कि आप सभी का स्नेह मिला ट्रस्ट पंचायत कमेटी ने बहुत लाभ लिया। सभी इन्द्र इन्द्रणीयां ने बहुत अच्छे से धर्म ध्यान किया।इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष राकेश कासंल,महामंत्री राकेश अमरोद, संयोजक मनीष सिघई ने प्रतिष्ठा चार्य नमन भइया का सम्मान किया। इस अवसर पर भगवान के कलशाभिषेक किए गए ।सभी का आभार मन्दिर संयोजक मनीष सिघई ने माना।

# आर्यिका विन्ध्यश्री माताजी ससंघ का 29वां चातुर्मास कलश स्थापना धुलियान में सम्पन्न



**धुलियान मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल. शाबाश इंडिया।** 4 जुलाई मंगलवार को सुबह अभिषेक शांतिधारा के पश्चात श्री मंदिर जी में मनोकामना योग शान्तिविधान का भव्य आयोजन हुआ । दोपहर को धुलियान दिगंबर जैन समाज द्वारा सन्त भवन में आर्यिका संघ को श्रीफल भेंट किया तत्पश्चात आर्यिका संघ के सानिध्यमें भव्य शोभायात्रा निकाला गया तथा ध्वजारोहण के बाद मंदिर में प्रवेश हुआ, पंडित कमलेश शाश्त्री बनारस के द्वारा चातुर्मास कलश स्थापना का विधि प्रारम्भ हुआ, जिसमें चातुर्मास स्थापना के मुख्य कलश, चतुष्कोन कलश, जाप कलश, स्थापना वषायोग कलश,महा अर्चना कलश आदी का पुण्यार्जक बनाया गया विदित है इस वर्ष भगवान महावीर का 2550 वा निर्वाण महा महोत्सव उपलक्ष में 50 दिन का आर्यिका संघ के सानिध्य में महाअर्चना होगा जो सम्भवत 9 जुलाई 2023 से 27अगस्त 2023 तक धुलियान मंदिर जी में चलेगा चातुर्मास स्थापना में मुर्शिदाबाद जिला सहित भारत के विभिन्न प्रान्त के भक्त उपस्थित थे। संजय कुमार जैन बड़जात्या धुलियान पश्चिम बंगाल मुर्शिदाबाद ।

## गुप्ता अध्यक्ष, जैन सचिव, बंसल कोषाध्यक्ष चुने गए

**अजमेर. शाबाश इंडिया।** लायन क्लब अजमेर सिटी की सत्र 2023-24 के लिए नई कार्यकारिणी की घोषणा जयपुर रोड स्थित होटल के सी ईन में अयोजित साधारण सभा में नॉमिनेशन कमेटी के चेयरमैन लायन नंदलाल पोखरना, सदस्य लायन एस एन नुवाल, लायन संपत कोठारी द्वारा की गई । लायंस मार्केटिंग के डिस्ट्रिक चेयरपर्सन लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि निवर्तमान अध्यक्ष लायन ओ एस माथुर, अध्यक्ष लायन अशोक गुप्ता , उपाध्यक्ष लायन संजीव गुप्ता , उपाध्यक्ष लायन विष्णु प्रकाश हेडा, सचिव लायन संजय जैन , कोषाध्यक्ष लायन हरीश बंसल, एलसीआई कोडिनेटर लायन दीपक गुप्ता, मेंबरशिप लायन संपत कोठारी टेमर लायन मंजू बंसल, क्लब मार्केटिंग चेयरमैन लायन दिलीप मकवाना, टेल ट्विस्टर लायन सरोज माथुर , डायरेक्टर लायन एन एल पोखरना, लायन सी पी जैन, लायन अनुराग जैन, लायन हरीश गोपलानी, लायन सत्यनारायण, लायन अरुण पोखरना, क्लब सर्विस लायन गोपाल गुप्ता, क्लब लीडरशिप चेयरपर्सन लायन निर्मला नुवाल, क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन उषा मकवाना को नियुक्त किया गया हैं । नयनियुक्त क्लब अध्यक्ष लायन अशोक गुप्ता ने अपने स्वागत उद्बबोधन में कहा कि इस साल जोर शोर से प्रांतीय कार्यक्रम के तहत हर वंचित तक पहुंचने के साथ साथ सामाजिक सरोकार के कार्य भी किए जायेंगे ।





# सीता बाड़ी टोंक रोड जैन मंदिर का प्रथम वार्षिक उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन जिनालय द रॉयल एवेन्यू सीता बाड़ी टोंक रोड का प्रथम वार्षिक उत्सव बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान के 108 कलशो से अभिषेक किए गए तथा पूर्ण भक्ति भाव के साथ श्री जी की वेदी पर 64 चंवर स्थापित किए गए । उसके पश्चात मंडल विधान पूजन का आयोजन किया गया। महावीर कुमार गोदिका ने बताया कि संपूर्ण कार्यक्रमों के दौरान बड़ी संख्या में अभिषेक कर्ता इंद्र एवम श्रावक, भक्त उपस्थित थे। अध्यक्ष रमेश जैन, मंत्री श्रीमती आशा कासलीवाल, श्रीमती निशा शाह, सुनील जैन, डा राहुल बिलाला, भागेश बिलाला, महेंद्र जैन तथा कल्याण नगर जैन मंदिर अध्यक्ष उत्तम राणा तथा सुनील उपस्थित थे।

# महासमिति त्रिशला सम्भाग दुर्गापुरा द्वारा केंसर अवेयर नेस का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति त्रिशला सम्भाग दुर्गापुरा की सदस्यो ने आज H C G के कैंसर सेंटर हॉस्पिटल में जाकर डॉक्टर विनोद शर्मा से जानकारी ली कि कैंसर से शुरूआती स्टेज मे कैसे सावधानियाँ रखनी चाहिये । अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना चाहिए समय समय पर जाँच करवाते रहना चाहिए । अध्यक्ष श्रीमति चन्दा सेठी ने बताया कि मन्त्री रेणु पांड्या एव सायोजिका रिन्कु सेठी के साथ करीबन 35 महिलाओ ने वहाँ उपस्थित हो कर इसका लाभ लिया।

# आर्यिकाश्री नंगमति के चातुर्मास के मंगल कलश की स्थापना



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** टोंक रोड, ग्राम बीलवा के श्री1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर स्थित आचार्य विमल सागर परिसर में परम पूज्य आचार्यश्री 108 विमल सागर महाराज की सुशिष्या गणिनी आर्यिकाश्री 105 नंगमती माताजी के चातुर्मास के मंगल कलश की स्थापना विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ की गई। इस मौके पर जयपुर के अलावा हरियाणा, दिल्ली, इंदौर, उदयपुर, काशीवाला व उत्तर प्रदेश से धर्मावलंबियों ने भाग लिया। श्री 108 सुधर्म नंग अहिंसा ट्रस्ट के अध्यक्ष आरसी जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ समाजश्रेष्ठी राकेश कुमार, अंकित कुमार जैन ने ध्वजारोहण कर की। इसके बाद श्रीजी का महामस्ताभिषेक व महाशांति धारा की गई। इसके बाद माताजी को चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट, मंगलाचरण, आचार्य भगवन के चरणों में श्रीफल भेंट व दीप प्रज्ज्वलन आचार्य श्री 108 विमलसागर जी महाराज व आचार्यश्री 108 सुधर्मसागर जी महाराज का चित्र अनावरण अतिथियों ने किया। उन्होंने बताया कि इस मौके पर चातुर्मास का प्रथम कलश विनोद, मनीष जैन दिल्ली, दूसरे कलश राकेश कुमार अंकित कुमार अजमेरा, तृतीय कलश वीर कुमार जैन दिल्ली व अन्य कलश निर्मल कुमार पाटनी, जी सी जैन, मनीष जैन हैलीमंडी, दिनेश जैन हैलीमंडी, बाबूलाल शाह चाकसू, जितेन्द्र जैन, भागचंद, ज्ञानचंद सौगानी, पुनीत जैन, मनीष जैन बब्लजी व मोहन शर्मा को प्राप्त हुआ। मंत्री जी सी जैन ने बताया कि समारोह श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानचंद झांझरी, चिंतामणि बज, निर्मल गोधा चांदकीका, अरुण सौगानी, अशोक कुमार रेवड़ीवाले, राजेन्द्र बैनाडा, उमेश पापड़ीवाल, ज्ञानचंद चाकसूवाले, पीसी जैन, दुलीचंद चांदवाड़, लोकेश लुहाड़िया, सुरेश काला, नीरज जैन व मनीष सोगाणी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सौम्यता को समर्पण एजुकेशन एंबेसडर अवार्ड




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अपने पॉकेट मनी का पैसा गरीब बच्चों के एजुकेशन के लिए समर्पित करने के लिए जेइसीआरसी विधि सेकंड ईयर की छात्र सौम्यता लोचन को एजुकेशन एंबेसडर अवार्ड 2023 से नवाजा गया। सौम्यता को यह अवार्ड समपर्ण संस्था की ओर सेरावत पब्लिक स्कूल सभागार में आयोजित समारोह में सम्मान अतिथियों ने प्रदान किया गया। समर्पण संस्था के संस्थापक दौलत राम माल्या ने बताया कि सौम्यता ने अपनी पॉकेट मनी से बचाकर एक गरीब बच्चे का वार्षिक एजुकेशन के लिए समर्पण संस्था को डोनेशन प्रदान किया। ज्ञात रहे सौम्यता राजस्थान जन मंच की ओर से संचालित पक्षी चिकित्सालय के अलावा गौशाला आदि में भी अपना वालंटियर योगदान देती रहती हैं।